# ओमशान्ति मीडिया

मूल्यनिष्ठ समाज की रचना के लिए समर्पित

वर्ष -25 | अप्रैल - II - 2023 | अंक - 02 | माउण्ट आबू | Rs.-12


**कार्यक्रम •** ब्रह्माकुमारीज़ एवं सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय के बीच नशा मुक्त भारत अभियान के लिए समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर

# देश के हर गांव, स्कूल व कॉलेज को नशा मुक्त करने का है संकल्प




ब्रह्माकुमारीज़ से समझौता ज्ञापन पर ब्र.कु. आशा दीदी,ओआरसी ने हस्ताक्षर किये। उनके साथ ब्र.कु. डॉ. बनारसीलाल शाह,सचिव,मेडिकल विंग, ब्र.कु. डॉ.प्रताप मिड्ढा,जीएचआरसी,माउंट आबू, ब्र.कु. डॉ. सचिन परब,संयुक्त सचिव,प्रभाग, ब्र.कु. प्रो. डॉ. गौरव अग्रवाल, ब्र.कु. प्रो.डॉ. मोहित गुप्ता, ब्र.कु. प्रो.डॉ. रीना तोमर, ब्र.कु. लक्ष्मी बहन,लॉरेंस रोड, ब्र.कु. कमला बहन,द्वारिका दिल्ली व अन्य ब्र.कु. भाई-बहनें मौजूद रहे।

**नई दिल्ली।** भारत में तंबाकू की लत के खतरे को रोकने के लिए डॉ. अम्बेडकर इंटरनेशल सेंटर जनपथ,दिल्ली में आयोजित भव्य कार्यक्रम में ब्रह्माकुमारीज़ के मेडिकल विंग एवं सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय,भारत सरकार के बीच नशा मुक्त भारत अभियान के लिए एक समझौता ज्ञापन(एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए। कार्यक्रम के दौरान ओ.आर.सी. निदेशिका राजयोगिनी ब्र.कु. आशा दीदी ने बताया कि ब्रह्माकुमारीज़ में हम मादक पदार्थों की लत के खतरे को दूर करने के लिए दो-तरफा रणनीति का उपयोग करते हैं - पहला व्यक्ति को आध्यात्मिक परामर्श द्वारा और दूसरा व्यक्ति को सशक्त बनाकर। दोनों रणनीतियां एक साथ काम करती हैं और व्यक्ति की 'आंतरिक ज़रूरतों' को पूरा करने में मदद करती हैं, ताकि किसी को व्यसन की दवाओं का सेवन करने की आवश्यकता न पड़े। वीरेंद्र कुमार,कैबिनेट मंत्री सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता ने इस अभियान के माध्यम से व्यसन मुक्त भारत के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए हर गांव, स्कूल , कॉलेज और विश्वविद्यालय में नशीली दवाओं के खतरे से निपटने के लिये आध्यात्मिक समाधान की आवश्यकता व्यक्त की। रामदास अठावले,सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता राज्य मंत्री ने ब्रह्माकुमारीज़ की सेवाओं और देशव्यापी नेटवर्क में पूर्ण विश्वास व्यक्त किया और कहा कि नशे की लत छुड़ाने के इस नेक सेवा में इस संस्थान को शामिल करके वे खुश हैं। डॉ. सचिन परब ने विश्व ड्रग डे पर देश भर में 10 करोड़ लोगों द्वारा नशामुक्ति का संकल्प लेने के संस्थान के पायलट प्रोजेक्ट के बारे में बताया। कार्यक्रम में सुरेंद्र कुमार,अति.सचिव, राजेश कुमार मक्कड़,उप सचिव तथा अन्य मंत्रालयिक कर्मचारी मौजूद रहे। संचालन एमएसजेई संयुक्त सचिव राधिका चक्रवर्ती ने किया।

**32 राज्यों के 372 जिलों तक पहुंचेगा यह व्यसन मुक्ति जागरुकता अभियान : कैबिनेट मंत्री वीरेंद्र कुमार**

**नशामुक्ति के इस नेक कार्य में ब्रह्माकुमारीज़ के जुड़ने से खुश हूँ : राज्यमंत्री रामदास अठावले**

**ब्रह्माकुमारीज़ में नशामुक्ति के लिए दो रणनीति 'आध्यात्मिक परामर्श और सशक्तिकरण का होता प्रयोग : ब्र.कु. आशा दीदी**

**मंत्रियों एवं विधायकों के लिए शान्ति सरोवर में स्नेह मिलन समारोह**

## आज हर मानव को शांति की नितांत आवश्यकता

**कार्यक्रम में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, विधानसभा अध्यक्ष डॉ. चरण दास महन्त, नेता प्रतिपक्ष नारायण दास चन्देल सहित अनेक मंत्री एवं विधायक शामिल हुए**



कार्यक्रम के दौरान मंचासीन हैं माननीय मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, विधानसभा अध्यक्ष डॉ. चरण दास महंत, क्षेत्रीय निदेशिका राजयोगिनी ब्र.कु. हेमलता दीदी एवं धार्मिक सेवा प्रभाग की अध्यक्षा राजयोगिनी ब्र.कु. मनोरमा दीदी।

**रायपुर-छ.ग.।** ब्रह्माकुमारीज़ के राजनीतिक सेवा प्रभाग द्वारा मंत्रियों एवं विधायकों के लिए शान्ति सरोवर में आयोजित 'स्नेह मिलन समारोह' को सम्बोधित करते हुए विधानसभा अध्यक्ष डॉ. चरण दास महन्त ने कहा कि हम लोगों को शान्ति की ज़रूरत है। शान्ति के लिए हमारे कई साथी माउण्ट आबू जाने की इच्छा रखते हैं ताकि शान्ति की अनुभूति कर सकें, हमारे अंदर सुधार आए। ब्रह्माकुमारीज़ की क्षेत्रीय निदेशिका राजयोगिनी ब्र.कु. हेमलता दीदी ने सभी मंत्रियों एवं विधायकों को माउण्ट आबू में शिविर के लिए आमंत्रित करते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ राज्य सांस्कृतिक परंपराओं से भरपूर है। इसका विकास विज्ञान के बल पर नहीं किन्तु नैतिक और आध्यात्मिकता के आधार पर करने की ज़रूरत है ताकि यह राज्य सारे देश के लिए रोल मॉडल बन सके। प्रयागराज से आईं धार्मिक सेवा प्रभाग की राष्ट्रीय अध्यक्ष ब्र.कु. मनोरमा दीदी ने कहा कि जहां मनोबल होता है वहां सत्यता और सरलता जीवन की अनुगामिनी बनती है और जीवन श्रेष्ठ व्यक्तित्व के रूप में उभरता है। समारोह में स्वास्थ्य मंत्री टी.एस. सिंहदेव, कृषि एवं जल संसाधन मंत्री रविन्द्र चौबे, शिक्षा मंत्री डॉ. टेकाम, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष धरम लाल कौशिक, पूर्व मंत्री बृजमोहन अग्रवाल सहित अनेक मंत्री एवं विधायक उपस्थित रहे। भिलाई सेवाकेन्द्र की संचालिका ब्र.कु. आशा दीदी ने आभार एवं धमतरी सेवाकेन्द्र संचालिका ब्र.कु. सरिता ने संचालन किया।

## मीडिया में सकारात्मकता के साथ स्पष्टता अनिवार्य



**मोहाली-पंजाब।** मीडिया में सकारात्मकता अनिवार्य है, इसी से पत्रकारिता में स्पष्टता और प्रतिबद्धता लाई जा सकती है। उक्त उद्‌गार पंजाब के लोक संपर्क आवास व शहरी विकास मंत्री अमन अरोड़ा ने ब्रह्माकुमारीज़ के सुख शान्ति भवन में 'समाधानपरक पत्रकारिता से समृद्ध भारत का निर्माण' क्षेत्रीय अभियान के शुभारंभ पर व्यक्त किये। उन्होंने ब्रह्माकुमारीज़ की इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि इस संगठन से सीखा जा सकता है कि सरल जीवन यापन से रोज़मर्रा की जटिलताओं से कैसे छुटकारा पाया जा सकता है। ज़ी टीवी,पंजाब हरियाणा हिमाचल के संपादक दीपक धीमान ने इस बात पर ज़ोर दिया कि मीडिया को समस्या को उछालना ही नहीं बल्कि उसके समाधान का प्रयास भी लोगों के सहयोग से करना चाहिए। पत्रकार को अपने लोभ व लालच को छोड़कर इस बारे में सोचना होगा कि भारत को समृद्ध कैसे बनाया जा सकता है। आई.आई.एम.सी. नई दिल्ली,सूचना व प्रसारण मंत्रालय के महानिदेशक और वरिष्ठ पत्रकार प्रोफेसर डॉ.संजय द्विवेदी ने कहा कि भारतीय संस्कृति अथवा पत्रकारिता का आधार सकारात्मकता है। पत्रकारिता तभी सफल है जब उसका उद्देश्य लोकहित व पवित्रता हो और लोग उस पर विश्वास करें। दैनिक जागरण के आवासीय संपादक,पंजाब व चंडीगढ़ अमित शर्मा ने भी अपने अमूल्य विचार रखे। ब्रह्माकुमारीज़ मीडिया प्रभाग के राष्ट्रीय संयोजक ब्र.कु. सुशांत ने कहा कि मीडिया में सकारात्मकता अभी है और इसे बढ़ाने में आध्यात्मिकता का समावेश ज़रूरी है। मोहाली रोपड़ राजयोग केंद्रों की निदेशिका ब्र.कु. प्रेमलता दीदी ने मीडिया की भूमिका पर विचार रखे। क्षेत्रीय समन्वयक ब्र.कु. करम चंद भाई ने संचालन किया व रोपड़ संचालिका ब्र.कु. रमा बहन ने स्वागत किया।

**'समाधानपरक पत्रकारिता से समृद्ध भारत का निर्माण' क्षेत्रीय अभियान का सुख शांति भवन में भव्य शुभारंभ**